asianpaints
सभी रंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

निषाद समाज भगवान श्रीराम को गंगा... पृष्ठ 2 | नेहरू महाविद्यालय में हर्षोल्लास... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

शनिवार, 31 जनवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 81, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए


NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

## महतारी वंदन योजना से महिला सशक्तिकरण को मिला नया आयाम : मुख्यमंत्री साय

### महतारी वंदन योजना की 24वीं किस्त जारी, छत्तीसगढ़ में योजना के तहत अब तक 15 हजार 595 करोड़ अंतरित



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा आज जिला नारायणपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजना की 24वीं किस्त की राशि जारी किया गया। इस अवसर पर प्रदेश की 68 लाख 39 हजार 592 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 641 करोड़ 34 लाख रुपए की राशि का अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने राशि का अंतरण करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना से छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण को नया आयाम मिला है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना का शुभारंभ 1 मार्च 2024 को किया गया



था। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत 21 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु की विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। योजना के शुभारंभ से अब तक 23 किस्तों के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को कुल 14 हजार 954.42 करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा चुकी है। यह व्यवस्था वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल सिद्ध हो रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा 24वीं किस्त के रूप में 641.34 करोड़ रुपए की राशि जारी किए जाने के पश्चात महतारी वंदन योजना के अंतर्गत कुल वितरित राशि बढ़कर 15 हजार 595.77 करोड़ रुपए हो जाएगी। यह राज्य सरकार की महिला कल्याण एवं सशक्तिकरण के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा यह प्रमाणित करती है कि योजना से प्रदेश की लाखों महिलाएं प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रही हैं। नारायणपुर जिले में महतारी हितग्राहियों की संख्या 27 हजार 272 है। इन हितग्राहियों के खातों में 2 करोड़ 72 लाख 72 हजार रुपए अंतरित किया गया। इस अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप, उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।000

## निगम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं वीर शहीदो को दी गयी दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी



की पुण्य तिथि एवं वीर शहीदो की स्मृति मे नगर निगम द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अधिकारियो व कर्मचारियो ने उन्हें श्रद्धांजलि देकर उनके योगदानो का स्मरण कर नशा मुक्ति के संबंध में शपथ लेकर संकल्प पत्र भरा।भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में शासन से प्राप्त निर्देश पर 30 जनवरी को निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने महात्मा गांधी जी एवं वीर शहीदों को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर सभागृह में आयोजित श्रद्धांजली सभा में राजस्व अधिकारी श्री राजेश तिवारी द्वारा नशा मुक्ति के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुये संकल्प पत्र भराया गया। इस अवसर पर संकल्प लिया गया कि नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने, अपने छत्तीसगढ को विकसित राज्य बनाने, अपने परिवार में हर्षोल्लास रखने, तन, मन, धन को सुदृढ़ बनाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए सभी वर्ग के व्यक्तियों में नशापान के दुष्परिणामों को प्रचारित कर यथा संभव नशा पीड़ितों से व्यक्तिगत सम्पर्क कर उन्हें नशामुक्ति के लिए प्रेरित करूॅगा तथा मै आजीवन नशामुक्त रहूंगा। श्रद्धांजली सभा में सहायक लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे, प्र. कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव सहित अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित थे।

## सुखरी के अमित का सीआईएसफमें चयन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम



सुखरी निवासी श्री रामबेलास एवं श्रीमती सरिता के पुत्र अमित कुमार का चयन सीआईएसफ में हुआ है । प्रारंभ से ही मेधावी रहे अमित कुमार की प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक शाला सुखरी में एवं माध्यमिक तथा उच्चतर शिक्षा हाई स्कूल सोनेसरार में हुई है तथा वर्तमान में वे दिग्विजय महाविद्यालय में बीएससी छठवे सेमेस्टर में नियमित छात्र के रूप में अध्यनरत है । अमित कुमार के परिवार में माता-पिता के अलावा एक बड़ी बहन पायल है । अमित कुमार के पिता ने बताया कि उनके परिवार में अमित पहला व्यक्ति है जो सरकारी नौकरी में जा रहा है । अमित कुमार की उपलब्धि में दिग्विजय महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया की अमित कुमार महाविद्यालय में नियमित विद्यार्थी के साथ-साथ एनसीसी नेवल का कैडेट भी है जिसने एनसीसी नेवल में बी सर्टिफिक्रेट पास कर लिया है । अध्ययन करते हुए ही किसी भी छात्र का चयन सीआईएसफजैसे प्रतिष्ठित सेवा में होना एक गर्व की बात है । महाविद्यालय परिवार अपने इस होनहार छात्र के पैरा मिलिट्री में चयन पर गौरवान्वित है तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना करती हैं।

## लेवर कालोनी में कलशयात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के पूज्य माता-पिता की स्मृति में लेवर कालोनी मैदान में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसे सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथा प्रारंभ होने से पहले दिन वार्ड के हनुमान मंदिर से कथास्थल लेवर कालोनी दशहरा मैदान के लिए भव्य कलशयात्रा निकाली गई। बाजे-गाजे के साथ निकाली गई इस कलशयात्रा मे श्री पिल्ले द्वारा सिर में श्रीमद भागवत पोथी धारण किए हुए थे व कलश यात्रा में बड़ी संख्या में उपस्थित बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा सनातन धर्म की जयकारा लगाते हुए भजन- कीर्तन का गान कर माहौल को धर्ममय बना रहे थे।

**माता द्वारा सही संस्कार देने से धुंधकारी जैसे पुत्र नहीं होता**

पिल्ले परिवार की कुल देवी मां पेदुम्मा के आशीर्वाद से लेवर कालोनी में 29 जनवरी से 6 फरवरी तक आयोजित उक्त श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के कथावाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री जी ने पहले दिन गौ- कर्ण की कथा सुनाई। जिसमें कथावाचक ने कहा कि बच्चों की पहली गुरु मां होती है।

**मां यदि सही संस्कार व शिक्षा अपने पुत्र को प्रदान करती है तो**

धुंधकारी जैसे बिगड़ैल व अत्याचारी पुत्र नहीं होता। चाय वाले बाबा के नाम से मशहूर आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री द्वारा दूसरे दिन शुकदेव व परीक्षित जन्म की कथा सुनाई व प्रसंग वंश बताया कि भगवान श्री कृष्ण को ज्ञान देने वाले प्रथम गुरु दुर्वासा ऋषि जी थे वहीं शिक्षा - दीक्षा देने वाले गुरु संदीपनि ऋषि जी रहे। श्रीमद भागवत कथा के संगीतमयी



आयोजन में हे ; गुरदेव प्रणाम ,तुम्हारे चरणों में,,सारे तीरथ -धाम तुम्हारे चरणों में,,, का गान कर भागवदीय माहौल को धर्म अध्यात्म से पूरित बनाए थे रहा था जिसमें श्रद्धालु आनंद ? सागर में गोते लगाते रहे । उक्त संगीतमयी भगवदीय कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

## करमरी में रक्तदान शिविर में 108 यूनिट युवाओं ने रक्तदान किया

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत करमरी में सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू के नेतृत्व में एवं बिलासा ब्लड बैंक राजनांदगांव के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के युवाओं ने बड़ी उत्सुकता के साथ 108 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी को स्वल्पाहार, जलपान, प्रमाण पत्र के साथ हेलमेट भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। रक्तदान करने वाले युवाओं के उत्साह और जुनून को देखते हुए, सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू ने खुशी जाहिर करते



हुए कहा कि हमारा उद्देश्य जरूरतमंदो के रक्त की कमी को पूरा करना और सामुदायिक सेवा को बढ़ावा देना है।रक्तदान महादान है,निश्चित रूप से युवाओं की भागीदारी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को दर्शाता है। जिसका ठोस उदाहरण इस रक्तदान शिविर में देखने को मिला। जरुरत मंद लोगो तक यदि हमारा रक्त पहुंचा है तो यह बड़ा ही पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि इस रक्तदान शिविर में योग्य चिकित्सको की देखरेख में रक्त दाताओं की स्वास्थ्य जांच की गई और पुरी प्रक्रिया सुरक्षित तरीके से पुरी की गई।

## ग्राम सोनसायटोला में जिला कोसरिया यादव महासम्मेलन एवं गीता जयंती समारोह भव्य रूप से सम्पन्न

### आयोजक समिति द्वारा विधायक भोलाराम साहू का किया गया सम्मान

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम सोनसायटोला में जिला कोसरिया यादव समाज के तत्वावधान में आयोजित गीता जयंती एवं जिला स्तरीय यादव महासम्मेलन का आयोजन गुरुवार 29 जनवरी 2026 को हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ भगवद्गीता के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति, युवाओं



एवं बच्चों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली, जिससे आयोजन को भव्य स्वरूप प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला महान दर्शन है। गीता के संदेश कर्म, सत्य, समर्पण और सामाजिक कर्तव्यों की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, संगठन और संस्कार अत्यंत आवश्यक हैं तथा युवाओं को समाज की रीढ़ बनकर आगे आना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान आयोजक समिति एवं जिला कोसरिया यादव समाज द्वारा विधायक भोलाराम साहू को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक साहू ने सम्मान के लिए आयोजक समिति एवं समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सदैव समाज के हित एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुकेश सिन्हा (ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, अंबागढ़ चौकी पार्षद), रितेश मेश्राम (पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष, पार्षद) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामाधार चौधरी (अध्यक्ष, जिला कोसरिया यादव समाज) ने की।

## शासन की कृषक हितैषी नीतियों से किसानों में सरकार के प्रति बढ़ा विश्वास

### कृषक मनमोहन वर्मा धान खरीदी से प्राप्त राशि से करेंगे अपने बेटा-बेटी का विवाह, किसानों ने धान खरीदी के लिए मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासन की कृषक हितैषी नीतियों से किसानों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। मेहनतकश किसानों के जीवन स्तर का उन्नयन हुआ है और उनके जीवन में समृद्धि और खुशहाली आयी है। जिले में खेती किसानी कार्यों के प्रति जनमानस का रूझान बढ़ा है। शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की गई। धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ में अपने धान की बिक्री करने आए ग्राम बोदेला के कृषक श्री राजेन्द्र लिल्हारे ने बताया कि उनके पास कृषि भूमि है और उन्होंने 24 क्विंटल धान की बिक्री की है। उन्होंने कहा कि धान की बिक्री के लिए धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ में बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है। उन्होंने संतुष्टि जाहिर करते हुए बताया कि धान बिक्री के बाद राशि जल्दी मिलने से प्रसन्नता है। उन्होंने बताया कि वे चने की फसल भी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा रबी की फसल की भी खरीदी की जाएगी। यह एक अच्छी पहल है, इसके लिए उन्होंने खुशी जाहिर की। ग्राम खैरी के कृषक श्री मनमोहन वर्मा आज 60 किलो धान बिक्री के लिए लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि उनके पास 28 एकड़ कृषि भूमि है और इस वर्ष धान बिक्री से प्राप्त राशि से आगामी ग्रीष्म ऋतु में अपने बेटा-बेटी का विवाह करेंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना से उनका जीवन स्तर अच्छा हुआ है और घर में खुशहाली आयी है। 4 एकड़ कृषि भूमि में उन्होंने खरबूजे की फसल



लगाई है। शासन की ओर से सिंचाई के लिए ड्रिप मशीन प्राप्त हुई है। ग्राम खैरा के कृषक श्री हेमंत साहू ने कहा कि उनके पास 25 डिसमील जमीन है। वे 5 क्विंटल 20 किलो धान की बिक्री आज कर रहे हैं और धान की बिक्री से प्राप्त राशि को वह भविष्य के लिए बचत करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार रबी की फसल की भी खरीदी रही है, यह प्रशंसनीय है। किसानों ने धान खरीदी के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

## मुकेश साहू उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग में समर्पित सेवाओं के लिए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग जिला द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गेंदाटोला में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारी मुकेश कुमार साहू को जिला सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके निरंतर उत्कृष्ट कार्य, जनसेवा के प्रति समर्पण और नवाचारी कार्यशैली के लिए प्रदान किया गया। जिला प्रशासन द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के एक वर्ष के कार्यों की समीक्षा कर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को जिला प्रशासन के द्वारा सम्मान किया गया है। इसी क्रम में इस वर्ष स्वास्थ्य विभाग से मुकेश कुमार साहू का चयन किया गया। श्री साहु गैंदाटोला और छुरिया क्षेत्र में नेत्र चिकित्सा में लगातार उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं।

## घोरदा मंडई 2 फरवरी को

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम घोरदा में 2 फरवरी को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्रामवासियों द्वारा मंडई मेला कार्यक्रम रखा गया है रात्रि में लोगो के मनोरंजन के लिए मोर मयारु संगी टेडेसरा वालो का सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी यह जानकारी ढालू राम एवं ओमकुमार साहू ने दी।

## सफाई देखने आयुक्त विश्वकर्मा सुबह पहुँचे बाजार क्षेत्र

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के लिये नगर निगम द्वारा व्यापक तैयारी कर साफसफाई मे जोर दिया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा स्वयं शहर में साफ सफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे है, वही शहर को व्यवस्थित व साफ सुथरा रखने, अतिक्रमण व मलमा हटाने कार्यवाही के निर्देश दे रहे है। आज सुबह उनके द्वारा गोल बाजार, जूनीहटरी, गुड़ाखू लाईन क्षेत्र पहुच सफाई देख अतिक्रमण हटाने व गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव से कहा। गोल बाजार, जूनीहटरी व गुड़ाखू लाईन में चल रहे साफसफाई का आज आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जायजा लिया और सफाई देख बाजार लगने के पूर्व अच्छे से साफसफाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने जयस्तम्भ चौक के आस पास में अनावश्यक रखे समान को हटाने एवं दुकानदार द्वारा झिल्ली पन्नी कचरा फैलाने पर कार्यवाही करने कहा। इसी प्रकार गुड़ाखू लाईन में साफसफाई निरीक्षण के दौरान रोड में बिल्डिंग मटेरियल रखे देख संबंधित पर कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण होने वाला है, जिसके मद्देनजर साफसफाई मे और सुधार करे तथा कचरा फैलाने एवं मलमा रखने वालो के विरूद्ध सक्त कार्यवाही करे। आयुक्त के निर्देश के उपरांत गुड़ाखू लाईन में सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल रखने वाले के विरूद्ध 5 सौ रूपये जुर्माना वसूला गया।



## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**बालोद ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आज बालोद जिले ने नशामुक्ति की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में नशामुक्त छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करते हुए, यहाँ मौजूद अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिकों ने नशामुक्त भारत बनाने का दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष और डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्राची ठाकुर, उप संचालक समाज कल्याण श्री अजय गेडाम सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



## गांधी जी की पुण्य तिथि पर शराब दुकान खोलने का विरोध

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** गांधी जी की पुण्य तिथि पर शराब दुकान खोले जाने का कांग्रेसियों ने जमकर विरोध किया उन्होंने धरना प्रदर्शन कर नाराजगी जतायी । कांग्रेसियों ने शराब भट्ठी के सामने धरना दिया । जानकारी मिलते ही आबकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाईश दी । धरना प्रदर्शन देर रात तक जारी रहा। 30 जनवरी महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर शुष्क दिवस की परंपरा को तोड़कर शराब बिक्री के विरोध में जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव, पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू, जिला महामंत्री चुम्मन साहू, पंकज वाधवा, प्रवक्ता अनीस खान, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू, अमित अग्रवाल, श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, श्रीमती सीमा यादव, श्रीमती पुष्पा सिन्हा, प्रकाश शर्मा, एकनाथ सिन्हा, राधे ठाकुर, प्रदीप पटेल, शकील कुरैशी, शराब भट्ठी छुरिया पहुंचकर इसका विरोध जताते हुए शराब भट्ठी बंद करवाकर जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया । जिसकी खबर मिलते ही आबकारी विभाग के आला अधिकारी एव नायब तहसीलदार हसन सिद्धीकी, छुरिया थाना प्रभारी उमेश पटेल, मौके पर पहुंचे और कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष विपिन यादव एवं पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू से वार्तालाप की लेकिन वार्ता विफल रहा ।



**शुभांक**

**4-6-9**

**146-1 778-2**

**भाग्यांक**

**249-5 138-2**

### न्यायालय जिला विवाह अधिकारी, जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

email-collector-mmac@cg.gov.in Phone No. 07747-299136

**सार्वजनिक सूचना (नियम-6 (2) देखिये)**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि, आवेदकः खोमेन्द्र कुमार साहू, पिता श्री टुकेश्वर कुमार साहू, जाति-तेली, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम कुसुमकसा तह0 डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका दिसी साहू, पिता श्री ईश्वर राम साहू, जाति-तेली, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम थुहाडबरी, तह0 व थाना अं.चौकी, जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.) के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अध्याय 2 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी दिनांक 26.02.2026 तक 11:00 बजे के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 27 01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

आगामी तिथि 26/02/2026

संलग्न -धारा 5

**अपर कलेक्टर**
**एवं जिला विवाह अधिकारी**
**जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी**

# निषाद समाज भगवान श्रीराम को गंगा पार कराने वाले पवित्र समाज है - किरण वैष्णव

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** निषाद समाज परिक्षेत्र सांकरदाहरा खुज्जी व पंचगईहा चारभाठा कुल्हाडी के तत्वावधान में श्रीराम भक्त गुहाराज निषाद जयंती समारोह 22 जनवरी को भगवान श्रीरामचन्द्र की प्राण प्रतिष्ठा पर्व पर श्रीराम-जानकी मंदिर धनगांव के पवित्र प्रांगण में आयोजित हुई । मीडिया प्रभारी चैनकुमार सोनवानी ने बताया कि इस पावन पर्व पर सौ का. सीमा सुपुत्री सेतलाल निषाद गोत्र-सावला ग्राम मोखाली संग चि. नोयल सुपुत्र बलराम निषाद गोत्र-सैनकपाट ग्राम चान्दो का आदर्श विवाह समारोह का आयोजन हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किरण वैष्णव जिला पंचायत अध्यक्ष राजनांदगांव व अध्यक्षता गौतरिहा निषाद क्षेत्रीय अध्यक्ष निषाद समाज सांकरदाहरा ने की ।

**धनगांव में गुहाराज निषाद जंयती व आदर्श विवाह**

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि ऐसा कोई समाज नहीं है जिसे भगवान श्रीरामचन्द्र जी के चरणों को छूने का अवसर मिला हो । लेकिन निषाद समाज के गुहाराज निषाद को भगवान श्रीरामचन्द्र जी के चरणों को छूने का अवसर मिला है। आज ऐसा लग रहा है कि भगवान श्रीराम व सीता माता के विवाह में आये है। निषाद समाज को भगवान श्रीरामचन्द की कृपा है। भगवान श्रीरामचन्द्र जी सबको भवसागर से पार कराते है। लेकिन गुहाराज निषाद ने भगवान श्रीराम के चरणों को धोकर नाव से गंगा पार कराया । ऐसा पवित्र निषाद समाज है । इस पावन अवसर पर आदर्श विवाह का आयोजन हो रहा है। आदर्श विवाह की सराहना करते हुए कहा कि खर्चीली शादी से बचने के लिए आदर्श विवाह जरूरी है। सामू ?हिक आदर्श विवाह में निषाद समाज क्षेत्र के 44 गांवो के लोगों का वर-वधू नवदम्पति को सुखमय जीवन का आर्शीवाद मिल रहा है। उन्होंने नवदंपति जोड़ी सीमा-नोयल निषाद को उज्जवल भविष्य की आर्शीवाद दिया । उन्होंने कहा कि निषाद समाज संगठित है एकरुपता का संकेत देते हुए भव्य आयोजन किया है । पूर्वजों ने हजारों वर्षों तक श्रीराम मंदिर बनाने का संघर्ष किया जो आज के दिन 22 जनवरी 2024 को सकार हुआ । आज द्वितीय वर्ष भगवान श्रीराम जी का स्थापना दिवस है। भगवान राम हम सबके इष्ट देवता है। सनातन धर्म में उल्लेखित है। भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम है। जो जीवन में कभी विचलित नहीं हुए। ज्ञान, प्रेम ममता, भक्ति भावना से भरा श्रीरामचन्द्र जी के सांस्कारित जीवन मार्ग पर चल कर जीवन को धन्य बनायें व संस्कारित शिक्षा से परिवार व समाज का विकास करें। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने निषाद समाज सामुदायिक भवन निर्माण धनगांव का भूमिपूजन किया तथा ग्रामीणों के मांग पर धनगांव में कला मंच व मुक्तिधाम शेड निर्माण की घोषणा की । कार्यक्रम को विशेष अतिथि जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, मीडिया प्रभारी चैन कुमार , हिरेन्द साहू अध्यक्ष जि. कि.मोर्चा राज, व अनिरुद्ध चंद्राकर पूर्व मं.अध्यक्ष भा.कुमरदा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि भक्त गुहाराज निषाद जी निस्वार्थ भाव मित्रता से भगवान श्री रामचन्द्र जी को पाया । गुहाराज निषाद की जंयती समाज में एकता व भाई चारा को दर्शाता है । आदर्श विवाह समाज को सबल बनाता है । सभी ने आदर्श विवाह की सराहना करते हुए नवदम्पत्ति जोड़ी सीमा-नोयल निषाद को सुखमय जीवन की आर्शीवाद व शुभकामनाएं दी । विशेष अतिथि जिला महासचिव टीकम निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन निषाद, जिला संगठन सचिव मौजी राम निषाद, पूर्व संगठन सचिव पन्ना निषाद, संजय सिन्हा जप.अध्यक्ष छुरिया, श्रीमती बिमला सिन्हा, हिरदे देवांगन मं.अध्यक्ष भा.कुमरदा, लक्ष्मी मंडावी जनपद पंचायत सदस्य छुरिया, सुन्दर साहू पूर्व मं.अध्यक्ष भा.कुमरदा, दिनेश शाबला पंचगैहा अध्यक्ष निषाद समाज, रामकुमार विश्वकर्मा ग्राम पटेल धनगांव, गजेन्द्र दास वैष्णव पूर्व पंच धनगांव, पुनम साहू सरपंच ग्रा.पं. धनगांव, बिसौहा राम धुर्वे ग्राम प्रमुख, नानक राम चंद्रवंशी ग्राम प्रमुख धनगांव उपस्थित थे ।



## कबीरधाम पुलिस ने 48 घंटे में अंधे कत्ल का किया खुलासा

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** थाना लोहारा, जिला कबीरधाम अंतर्गत ग्राम पैलपार में 27 जनवरी 2026 को खेत के कुएं में एक युवक का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। मामला पूरी तरह अंधे कत्ल का प्रतीत हो रहा था, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के सतत मार्गदर्शन और सख्त निर्देशों पर कबीरधाम पुलिस ने लगातार दबिश, तकनीकी साक्ष्य और गहन पूछताछ के जरिए मात्र 48 घंटे के भीतर इस जघन्य हत्याकांड से पर्दा उठा दिया गया।इस गंभीर मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) द्वारा तत्काल निर्देश दिए गए, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं डीएसपी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में जांच को तेज गति दी गई। 27.01.2026 को सुमित जैन के खेत स्थित कुएं में शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को बाहर निकलवाकर पहचान कराई गई, जिसकी पहचान किशन उर्फ पाव वर्मा, उम्र 25 वर्ष, निवासी ढेकापुर के रूप में हुई। शव की स्थिति और बंधे हुए ईंट-कांक्रीट लगे पत्थर से प्रथम दृष्टया स्पष्ट हो गया कि हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को कुएं में फेंका गया है। इस पर थाना लोहारा में अपराध क्रमांक 07/2026 धारा 103(1), 238(बी) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत अलग-अलग टीम बनाकर जांच शुरू की। मृतक की गतिविधियों, संपर्कों और घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ते हुए संदिग्धों को हिरासत में लेकर लगातार पूछताछ की गई। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने हत्या करना स्वीकार किया।



## खरीदी महाभियान के अंतिम दिन धान उपार्जन केन्द्रों में रही रौनक



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के अंतिम दिन धान उपार्जन केन्द्रों में रौनक रही। धान खरीदी के उत्सव में किसानों में खुशी का माहौल रहा। धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की गई। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देश पर जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए। कलेक्टर ने निर्देश पर धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई की गई तथा कोचियों एवं बिचौलियों पर शिकंजा कसा गया। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त करने से सुविधा मिली और किसानों के समय की बचत हुई। किसानों को 72 घण्टे के में धान बिक्री की राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। उल्लेखनीय है कि जिले में 124041 पंजीकृत किसानों से 1483 करोड़ 51 लाख 25 हजार रूपए मूल्य का 6249033.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 1836551.40 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**बालोद ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार पटेल, अपर कलेक्टर श्री अजय किशोर लकरा एवं एडीशनल एसपी श्रीमती मोनिका ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थीं। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार पटेल ने नशापान एवं तेज गति से ड्राइविंग को सड़क दुर्घटना का प्रमुख कारण मानते हुए पुलिस एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री पटेल ने जिले के दुर्घटना जन्य सड़क मार्गों एवं अन्य स्थानों को चिन्हित कर इन स्थानों पर सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा।



बैठक में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस, यातायात एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से जाँच अभियान चलाकर शराब पीकर एवं तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चलाने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई करने को कहा। श्री पटेल ने जिले के सभी पेट्रोल पंपों में बिना हेलमेट पहने पेट्रोल लेने वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नही देने के संबंध में सभी पेट्रोल पंप संचालकों को सख्त निर्देश जारी करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने वाहन चालकों के लायसेंस जांचकर बिना लायसेंस के वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्कूली बस एवं बच्चों को ले जाने वाले अन्य वाहनों का नियमित रूप से फिटनेस आदि जांच करने की निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे किसी भी स्थिति में वाहन न चलाए। इसके लिए स्कूल आदि में नियमित रूप से जांच करने के निर्देश भी दिए। श्री पटेल ने सड़क के किनारे अतिक्रमण कर वाहन खड़ी करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा। पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में बैठक में उपस्थित अधिकारियों से जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने सड़कों एवं चैक-चैराहों में विचरण करने वाले मवेशियों की रोकथाम के अलावा गुड सेमेरिटन के कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में श्री पटेल ने राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारियों के अलावा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से आवश्यक स्थानों को चिन्हित कर अनिवार्य रूप से ट्रेफिक सिगनल लगाने के निर्देश दिए। श्री पटेल ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम के पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने हेतु सुझाव भी लिया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री अजय किशोर लकरा, एडीशनल एसपी श्रीमती मोनिका ठाकुर एवं बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने सड़क दुर्घटना के रोकथाम के उपायों के संबंध में आवश्यक सुझाव भी दिए। बैठक में कार्यपालन अभियंता श्रीमती लोक

## मोहला में नशामुक्ति संकल्प एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** समाज कल्याण विभाग मोहला एवं समता जन कल्याण समिति राजनांदगांव के संयुक्त सहयोग से आज आत्मानंद स्कूल मोहला में च्नशामुक्ति संकल्प एवं शपथ कार्यक्रमज्ज् का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं नशामुक्त समाज निर्माण की भावना विकसित करना था।



कार्यक्रम में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री धर्मेंद्र कुमार सरस्वत एवं उपसंचालक समाज कल्याण विभाग श्री अखिलेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया।

नशामुक्ति केंद्र मोहला के प्रबंधक श्री नागेश मुंजारे द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं अतिथियों को नशामुक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि केंद्र में नशाग्रस्त व्यक्तियों के लिए निशुल्क उपचार, योग एवं मेडिटेशन, पारिवारिक परामर्श (फैमिली काउंसलिंग) जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे व्यक्ति नशे की लत से मुक्त होकर पुनः सामान्य जीवन जी सके। कार्यक्रम के दौरान उपसंचालक श्री अखिलेश तिवारी द्वारा विद्यार्थियों के बीच रोचक गतिविधि च्कौन बनेगा नशामुक्त व्यक्तिज्ज् प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें नशामुक्ति से संबंधित प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की गई। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को तत्काल पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी सरल भाषा में दी गई। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि के रूप में 31 चयनित विद्यार्थियों को च्नशामुक्त वालेंटियरज्ज् के रूप में नामित किया गया एवं उन्हें विशेष टी-शर्ट वितरित कर जिम्मेदारी सौंपी गई कि वे अपने परिवार, मित्रों और समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाएँ।

# गांधी जी की पुण्यतिथि पर शराब दुकानें खोलना उनके सिद्धांतों का अपमान

## पुलिस ने रोका तो धरने में बैठकर भजन, आबकारी विभाग को गुलाब भेंट कर जताया अहिंसक विरोध

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शराब दुकानों को खुले रखने के निर्णय को कांग्रेस के युवा नेताओं ने राष्ट्रपिता के सिद्धांतों और आदर्शों का खुला अपमान बताया है। नेताओं ने कहा कि गांधी जी जीवनभर नशामुक्त समाज, संयम और नैतिक मूल्यों के समर्थक रहे, ऐसे पावन दिवस पर शराब बिक्री जारी रखना भाजपा सरकार की संवेदनहीन सोच और दोहरे चरित्र को उजागर करता है।

इस निर्णय के विरोध में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के सचिव विशु अजमानी एवं युवा नेता पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता शराब दुकान के सामने एकत्र हुए और शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रतीकात्मक रूप से शराब दुकान का शटर बंद कराने का प्रयास किया, ताकि राष्ट्रपिता को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सके। मौके पर मौजूद पुलिस ने कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए शटर बंद कराने से रोका, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने वहीं धरना देकर विरोध जारी रखा।



धरने के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गांधी जी के प्रिय भजनों का गायन करते हुए अहिंसक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर ऋषि शास्त्री ने कहा कि भाजपा सरकार एक ओर गांधी जी की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देने का दिखावा करती है, वहीं दूसरी ओर समाज को नशे की ओर धकेलने वाली नीतियों को बढ़ावा दे रही है, जो घोर पाखंड है। कुछ समय पश्चात आबकारी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाइश देने का प्रयास किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि शराब से परिवार उजड़ रहे हैं, युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में फंसती जा रही है, लेकिन सरकार सामाजिक जिम्मेदारियों की बजाय केवल राजस्व के लालच में फैसले ले रही है। प्रदर्शन के समापन पर कांग्रेस नेताओं ने गांधी जी के अहिंसा के संदेश को आत्मसात करते हुए आबकारी विभाग के अधिकारियों को गुलाब का फूल भेंट कर अपना प्रतीकात्मक और शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया। सेवादल प्रदेश सचिव हर्ष खोबरागड़े ने मांग की कि कम से कम गांधी जी की पुण्यतिथि जैसे राष्ट्रीय महत्व के दिवस पर शराब दुकानों को अनिवार्य रूप से बंद रखा जाए तथा सरकार नशामुक्त समाज की दिशा में ठोस कदम उठाए, तभी राष्ट्रपिता को सच्ची श्रद्धांजलि मानी जाएगी। इस अवसर पर संजय साहू, शुभम कसार, ऋषभ निर्मलकर, आशीष साहू, सागर ताम्रकार, जय जायसवाल, तौसीफ गोल्डी, हर्षिल भलावे, राजकुमार रामटेके, त्र्यंबक नायक, शौर्य वैष्णव, कान्हा गजभिए, सोनू साहू, रुद्र राजपूत, अभी गुप्ता सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## ज्ञान मंथन

*1) भस्मा शंकर मंदिर उत्तर प्रदेश के किस शहर में स्थित है?*
*2) गुप्त काल में च्व्हलिवकारज्ज् क्या था?*
*3) भारतीय रेलवे ने जुलाई 2025 में किस सुविधा पर अपने पहले हाइड्रोजन-संचालित ट्रेन कोच का परीक्षण किया?*
*4) 25 जुलाई, 2025 को किस मैदान में जो रूट टेस्ट क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने?*
*5) भारत की पहली रोरो फेरी जुलाई 2025 में किस नदी पर शुरू की गई?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**




## उत्तर माला

(1) संभल (2) कर का एक प्रकार (3) इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई (4) ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर (5) मांडोवी

# यूथ क्लब ने एकतरफा मुकाबले में 8-2 गोल से जीत हासिल की

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला हॉकी संघ राजनांदगांव और सीनियर मॉर्निंग ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में स्व. ए.आर. देवांगन स्मृति 7 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता के तहत आज तीसरे दिन तीन मैच खेला गया जिसके तहत पहला मैच लालबाग क्लब विरुद्ध शहीद राधे मोतीपुर के मध्य खेला गया आज खेले गए पहले मैच में एकतरफा मुकाबले में शहीद राधे मोतीपुर ने लालबाग को 8-5 गोल से पराजित किया शहीद राधे मोतीपुर की ओर से गुमान साहू ने 4 गोल देवेंद्र मानिकपुरी और मुहूर्त कौशिक ने 2-2 गोल किए वहीं लालबाग की ओर से पियूष साहू, खुशाल यादव ने 2-2 गोल और निलेश रजक ने 1 गोल किया आज खेले गए दूसरे मुकाबले में दोनों दोनों ही टीमों के मध्य रोमांचक मुकाबला देखने को मैच के पहले 15वे मिनट तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई थी किंतु मैच के 18वे मिनट में स्वस्तिक क्लब को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे टीम के शकील अहमद ने गोल में बदलकर 1-0 गोल



की बढ़त बना ली थी। जिसे एम सी इलेवन ने ज्यादा देर तक रहने नहीं दिया और मैच 20 वे मिनट अभिनव मिश्रा ने गोल कर 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया। मैच के मध्यांतर पश्चात मैच के 31वे मिनट में स्वस्तिक क्लब को एक पेनल्टी कार्नर मिला जैसे शकील अहमद ने गोल में बदलकर स्कोर 2-1 पर ला दिया था वहीं मैच के 33वें मिनट और 34 वे मिनट में स्वस्तिक क्लब के खुशाल यादव और प्राण साहू ने गोल कर स्कोर 4-1 पर ला खड़ा किया एम सी इलेवन गोल के स्कोर को कम करने के प्रयास में रही और मैच के 36वे मिनट नमन सिन्हा के गोल के बदौलत सफलता मिली और स्कोर 4-2 कर लिया वहीं मैच के 38वे मिनट में एम सी इलेवन को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे टीम के कप्तान तौफीक अहमद ने गोल में बदलकर स्कोर को कम किया। आज का तीसरा मैच सिटी क्लब और यूथ क्लब के बीच खेला गया इस एकतरफे मुक़ाबले में यूथ क्लब ने 8-2 गोल से जीत दर्ज की इस एकतरफे मुक़ाबले में यूथ क्लब की ओर से प्रिंस भाटिया ने और मनीष सोनी ने 3-3 गोल किए वहीं विवेक यादव ने 2 गोल किया तथा सिटी क्लब की ओर से लव यादव और सुखदेव निर्मलकर ने 1-1 गोल ही कर पाई। मैच के शुरुवात के पूर्व ए एक्का सहायक संचालक खेल युवा कल्याण विभाग,वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी,प्रशांत तिवारी,(अधिवक्ता) विद्याविलाश श्रीवास्तव वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी,फिरोज़ अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी,मृणाल चौबे अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी,विशु पाण्डेय सहित उपस्थित सभी अतिथियों ने मैदान के बीच पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी।

# मानपुर ब्लॉक के एकमात्र ऑटो चालक को मिला राज्य स्तरीय सम्मान, औंधी के रामकुमार ताम्रकार ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** मानपुर ब्लॉक के



ऑटो चालक एवं औंधी निवासी रामकुमार ताम्रकार को राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत परिवहन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता, अनुशासित वाहन संचालन और उत्कृष्ट आचरण के लिए प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय मंच पर रोड सेफ्टी छत्तीसगढ़ की स्मृति-चिह्न एवं प्रशस्ति प्रदान कर रामकुमार ताम्रकार को सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे मानपुर ब्लॉक और औंधी क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी क्षण है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रामकुमार ताम्रकार लंबे समय से यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से ऑटो संचालन कर रहे हैं। वे यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं और समय-समय पर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी फैलाते रहते हैं। यही समर्पण उन्हें इस सम्मान तक लेकर आया। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का विषय है। श्री ताम्रकार जैसे चालक समाज के लिए उदाहरण हैं, जो दिखाते हैं कि अनुशासन और ईमानदारी से कार्य कर किसी भी क्षेत्र में पहचान बनाई जा सकती है।

# ओबीसी मोर्चा राजनांदगांव जिला अध्यक्ष दिलीप साहू पहुंच रहे गांव- गांव, जन जोहार के माध्यम से ग्रामीणों को दे रहे वीबी - जी राम जी की जानकारी

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लागू की गई वीबी - जी राम जी योजना



को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रतिबद्ध हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के मार्गदर्शन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के आह्वान पर ओबीसी मोर्चा राजनांदगांव जिला अध्यक्ष दिलीप साहू के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओं ने डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत दीवानभेड़ी पहुंचकर ग्रामीणों को इस योजना की विस्तृत जानकारी दी विकसित भारत-जी राम जी योजना जो मनरेगा का उन्नत रूप है, ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 125 दिनों के गारंटीकृत रोजगार की सुविधा देती है। दिसंबर 2025 में घोषित इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आय में वृद्धि करना, विकास कार्यों (जल संरक्षण, बुनियादी ढांचे) को प्राथमिकता देना और एक सप्ताह के भीतर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करना है।

**जी राम जी योजना के**

**उद्देश्य:** ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना, गरीबी दूर करना और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना।

**रोजगार:** मनरेगा के 100 दिनों के बजाय अब 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी।

**भुगतान:** काम के बाद 15 दिनों के भीतर मजदूरी न मिलने पर ब्याज सहित भुगतान का प्रावधान।

पंचायत की भूमिका: गांव के विकास के काम (जैसे- तालाब, सड़क, जल संरक्षण) ग्राम पंचायत और ग्राम सभा द्वारा तय किए जाएंगे। कार्यक्रम में राजू यादव तुमडीबोड मंडल अध्यक्ष, सरपंच ग्राम दीवानभेड़ी, गजानंद सोनकर ,ग्रामीणजन एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## निधन



**नत्थु लाल पराते**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री नत्थु लाल पराते, नीलगिरी पार्क निवासी का निधन 27 जनवरी को देर रात्रि हो गया है। वे अपने पीछे 6 बच्चो का भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

# अशोका आई.टी.आई में 77 वॉ गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया



**राजनांदगांव।** नगर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय समूह अशोका ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ग्राम तोरनकट्टा में 77 वॉ गणतंत्र दिवस समारोह पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रात: 8:30 बजे आयोजित उक्त आयोजन में संस्था के अध्यक्ष श्री संतोष बुद्धन ने माँ सरस्वती एवं भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना की एवं महाविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया तत्पश्चात् उपस्थित प्राध्यापकों एवं अशोका आई.टी.आई. के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। श्री बुद्धन ने अपने उद्बोधन में समस्त अशोका परिवार की ओर से विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामना दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तत्पश्चात् उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा गणतंत्र दिवस पर आधारित संक्षिप्त भाषण एवं काव्यपाठ किया गया। इस कार्यक्रम में गजानन शिक्षा समिति के सचिव श्री कमलनारायण चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष श्री भूपेन्द्र चन्द्राकर, श्री शेषनारायण चन्द्राकर एवं श्री शैलेष श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टॉफ मेम्बर के लिए स्वलापाहार की व्यवस्था महाविद्यालय प्रबंधन के द्वारा की गई थी। उक्ताशय की जानकारी संस्था के प्रबंधक श्री भूपेन्द्र चन्द्राकर ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

# जिला जेल राजनांदगांव में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव।** द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव अमित जिन्दल ने दिनांक 25.01.2026 को जिला जेल राजनांदगांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित बंदियो को उनके अनेक अधिकारो व अनेक विषयो पर कानूनी जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार व्यक्ति को अनेक अधिकार दिये गए है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 35 (1) (ख) में प्रावधान है कि 7 साल तक के दण्ड के मामलो में विशेष कारण होने पर ही किसी को गिरफ्तार किया जा सकता है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 36 (ग) के अनुसार गिरफ्तारी की सूचना गिरफ्तार व्यक्ति के उस नातेदार या व्यक्ति को दी जाने के अधिकार की जानकारी दी जायेगी जिसको वह व्यक्ति बताये, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 38 के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी पसंद के अधिवक्ता से पूछताछ के दौरान समय-समय पर मिलने का अधिकार होगा। अमित जिन्दल ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 47 (1) के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति को उस अपराध की जानकारी दी जायेगी जिसके संबंध में वह गिरफ्तार किया जा रहा है और यदि अपराध जमानतीय है तो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 47 (2) के अनुसार उसे जानकारी दी जायेगी कि वह जमानत पर छोडा जा सकता है जमानत का प्रबंध करे तथा ऐसे व्यक्ति को धारा 478 के अनुसार अधिकार पूर्वक जमानत पर छोडे जाने का अधिकार होगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 48 के अनुसार गिरफ्तारी की और जिस स्थान पर गिरफ्तार व्यक्ति को रखा जा रहा है उसकी जानकारी उसके बताये गये मित्रो, नातेदारो को दी जायेगी। धारा 56 के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति के स्वास्थय और सुरक्षा की उचित देखभाल की जिम्मेदारी अभिरक्षा में रखने वाले व्यक्ति की होगी।

# कल्लूबंजारी में शान से लहराया तिरंगा

## छात्रों ने नशामुक्ति का दिया संदेश

**राजनांदगाँव।** छुरिया विकास खंड के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के प्रांगण में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। सरपंच चित्रा कोर्राम ने झंडा फहराया तथा दिनेश कुमार कुरेटी के प्रभावी मंच संचालन में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर उपस्थित रहकर शाला परिवार को गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा शाला के सौंदर्यीकरण तथा किचन सेड निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों के स्वीकृति की जानकारी देकर शाला के अहाता निर्माण एवं सायकल स्टैण्ड हेतु आवश्यक राशि स्वीकृत कराने



की घोषणा की।प्राथमिक,माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक शाला एवं आदर्श पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत देशभक्ति गीत,भाषण,नृत्य एवं हास्य प्रहसन प्रस्तुत किया।जिनमें हायर सेकेंडरी स्कूल के डेविड ग्रुप द्वारा नशामुक्ति पर आधारित प्रस्तुति प्रेरणादायी रहा। हायर सेकेंडरी स्कूल के वरिष्ठ व्याख्याता पूजा ध्रुर्वे ने प्रतिवर्ष की भांति गत सत्र में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। सरपंच चित्रा कोर्राम, उपसरपंच सुशील कंवर,शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष टोमन ठाकुर एवं प्राचार्य गौतरहीन कुंजाम ने सभा को संबोधित कर लोगों को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों की प्राप्ति के लिए संघर्ष करने तथा कर्तव्यों का पालन करने का आव्हान किया।स्वागत भाषण प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक जाकेश कुमार साहू,संचालन एवं आभार प्रदर्शन शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने किया।इस अवसर पर ग्रामपटेल राजकुमार पटेल,शाला समिति के उपाध्यक्ष नंदकुमार पटेल, पूर्व सरपंच द्वय डोमेन कुमार पटेल एवं विष्णु कोर्राम, जयपाल यादव, बलिहार पटेल, बालकिसन साहू, बाबूलाल पटेल,शीतल सिंह कंवर,कुमुद पटेल, राजेश कुमार शुक्ला, चन्द्रभान चन्द्रवंशी, दिलहरण पटेल,घोसुल लाऊत्रे, रमन सिंह कंवर, प्रधानपाठक उमेन्द सिंह मंडावी, व्याख्याता राहुल कुमार खोब्रागढ़े, टिकेश्वरी मंडावी,अर्चना एक्का, शिक्षकगण तिलक राम बढ़ई, शोभराय कार्ते, अखिलेश्वर सिंह ठाकुर, सुषमा नेताम, गीता कन्नौजे,चुम्मन लाल भुआर्य, जगन्नाथ नेताम, चन्द्रकुमार उइके, अरूण कुमार दिल्लीवार र ोमन कुमार साहू आदि सहित पंचगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएँ एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# महिला छात्रावास राजनांदगांव में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव।** द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव अमित जिन्दल ने दिनांक 28.01.2026 को महिला छात्रावास राजनांदगांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर बताया कि भारतीय न्याय सहिंता 2023 में महिलाओ के साथ अपराध न हो इसके लिए भी विशेष प्रावधान किये गये है। धारा 74 में किसी महिला के साथ छेडखानी अपराध है, धारा 75 में महिला के साथ अश्लील बात-चीत करना अपराध है , धारा 76 में महिला को निवस्त्र करना, धारा 77 में प्राईवेट कृत्य में लगी महिला को देखना, धारा 78 में महिला का पीछा करना, धारा 79 में महिला की उपस्थिति में इशारे बाजी करना , सिटटी बजाना आदि अपराध है। अमित जिन्दल ने बताया कि किसी 16 वर्ष से कम आयु की महिला के साथ रेप करने पर भारतीय न्याय सहिंता 2023 की धारा 65 (1) के तहत कम से कम बीस साल से आजीवन कारावास तक का दण्ड दिया जा सकता है और किसी 12 वर्ष से कम आयु की महिला के साथ रेप करने पर भारतीय न्याय सहिंता 2023 की धारा 65 (2) के तहत कम से कम बीस साल से आजीवन कारावास तक का दण्ड दिया जा सकता है। अमित जिन्दल ने बताया कि किसी भी आयु की महिला के साथ गैंग रेप करने पर भारतीय न्याय सहिंता 2023 की धारा 70 (1) के तहत कम से कम बीस साल से आजीवन कारावास तक का दण्ड दिया जा सकता है और किसी 18 वर्ष से कम आयु की महिला के साथ गैंग रेप करने पर भारतीय न्याय सहिंता 2023 की धारा 70 (2) के तहत कम से कम बीस साल से मृत्यु दण्ड तक का दण्ड दिया जा सकता है ।

## धर्म समाचार....

# शनि दोष से मिलेगी मुक्ति! जानें शिवलिंग पर किस दिन काले तिल चढ़ाना बदल सकता है आपकी तकदीर




**नई दिल्ली।** हिंदू धर्म और ज्योतिष शास्त्र में महादेव को 'कलियुग का जागृत देव' माना गया है। अक्सर जब जीवन में परेशानियां एक के बाद एक आने लगती हैं या मेहनत के बावजूद सफलता नहीं मिलती, तो हम इसके पीछे ग्रहों की चाल, खासकर शनि देव के प्रभाव को देखते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि महादेव की आराधना के जरिए शनि देव को प्रसन्न करना सबसे सरल मार्ग है? साल 2026 में भी यह प्राचीन मान्यता उतनी ही प्रभावी है जितनी सदियों पहले थी।

**काले तिल और महादेव का गहरा संबंध**

ज्योतिष के जानकारों का मानना है कि शिवलिंग पर काले तिल अर्पित करना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि इसके पीछे गहरा आध्यात्मिक महत्व है। शनि देव को न्याय का देवता माना जाता है और वे भगवान शिव के परम भक्त व शिष्य हैं।

मान्यताओं के अनुसार, जब कोई व्यक्ति पूरी श्रद्धा के साथ शिवलिंग पर काले तिल चढ़ाता है, तो उसे शनि की साढ़ेसाती और ढैया के नकारात्मक प्रभावों से तुरंत राहत मिलने लगती है। काले तिल को शनि की ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, जिसे शिव को समर्पित करने से कुंडली के कष्ट शांत होते हैं। यूं तो आप महादेव की पूजा किसी भी दिन कर सकते हैं, लेकिन शनिवार का दिन इसके लिए विशेष रूप से फलदायी माना गया है। शनिवार के दिन सुबह स्नान आदि से निवृत्त होकर, तांबे के लोटे में शुद्ध जल भरकर उसमें थोड़े काले तिल मिला लें। इसके बाद शिवलिंग पर '? नम: शिवाय' का जाप करते हुए जल अर्पित करें। इसके अलावा, प्रदोष व्रत और मासिक शिवरात्रि जैसे अवसरों पर तिल चढ़ाना आपकी सोई हुई तकदीर को जगा सकता है।


**संकटों से मुक्ति और सुख-समृद्धि**

शिवलिंग पर तिल चढ़ाने से न केवल ग्रहों के दोष दूर होते हैं, बल्कि यह मानसिक शांति भी प्रदान करता है। अगर आपके काम बनते-बनते बिगड़ रहे हैं या घर में कलह का माहौल रहता है, तो काले तिल अर्पित करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह क्रिया आपके आत्मविश्वास को बढ़ाती है और आपको कठिन परिस्थितियों से लड़ने की आंतरिक शक्ति प्रदान करती है।

## आदिवासी गोंड़ समाज का पवित्र उद्गम कचारगढ़ गुफा

**नरोत्तम कुंजाम**

**कलकसा ( डोंगरगढ़ )।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में स्थित कचारगढ़ गुफाएं आदिवासी गोंड समाज का पवित्र उद्गम स्थल और 25,000 साल से अधिक पुराना ऐतिहासिक स्थल है। यह एशिया की सबसे बड़ी प्राकृतिक गुफा मानी जाती है, जहाँ गोंड जनजाति के प्रथम गुरु पाहंदी पारी कोपार लिंगो ने माता काली कंकालीन के बच्चों को मुक्त कराया था, जो अब एक बड़ा तीर्थ स्थल है।



**कचारगढ़ का इतिहास और महत्व:**

**उत्पत्ति का स्थान :** गोंडवाना के विभिन्न जनजातियों के लिए कचारगढ़ को धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र माना जाता है, जहाँ पूर्वजों की पूजा की जाती है। जहां प्रति वर्ष लाखों की संख्या में पूरे देश से समाजिक एवं पर्यटक लोग यहां पर आते हैं।

**पौराणिक मान्यताएं:** मान्यता है। कि माता काली कंकालीन के 33 करोड़ बच्चों (सगा देव) को शंभू नामक राक्षस ने इन गुफाओं में कैद कर दिया था, जिन्हें बाद में पारी कोपार लिंगो ने मुक्त कराया था।

**खोज:** इस ऐतिहासिक गुफा का पता 1980 के दशक में आदिवासी विद्यार्थी संघ और मोतीरावन कंगाली जैसे शोधकर्ताओं द्वारा लगाया गया था।

**भौगोलिक और धार्मिक महत्व:** कचारगढ़ की गुफाएं मैकाल पहाड़ियों का हिस्सा हैं और महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा के पास स्थित हैं। प्रतिवर्ष फरवरी को (कोया पुनेम) यहाँ एक बड़ा मेला लगता है। जहां कोया पुनेमि भूमिका गुरु लोग आते हैं। जो समाज की संस्कृति , दशा , दिशा पर संदेश देते हैं।

**वास्तुकला:** यह गुफा प्राकृतिक रूप से बनी है, जो बहुत विशाल है और एक ही समय में लगभग 5000 लोगों को समायोजित कर सकती है।

कचारगढ़ न केवल एक पर्यटन स्थल है, बल्कि आदिवासी समाज की संस्कृति, इतिहास और परंपराओं का एक महत्वपूर्ण संगम भी है।

nandgaon times jan-31-3.qxd 1/30/2026 11:57 PM Page 4






# मनरेगा और धान खरीदी को लेकर कांग्रेस का धरना और चक्काजाम

### भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की बलिदान दिवस के अवसर पर 30 जनवरी को कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ब्लाक स्तर पर शांतिपूर्ण धरना/प्रदर्शन एवं प्रदेश के किसानों की धान खरीदी हेतु निर्धारित तिथि आगे बढ़ाए जाने की मांग को लेकर सांकेतिक चक्काजाम किया गया। इस दौरान धान खरीदी में उपजी अव्यवस्था, किसानों को संदेही मानने जैसे दुर्व्यवहार पर भी कांग्रेस ने विरोध दर्ज कराया।

राजनांदगांव शहर में उत्तर व दक्षिण ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अलग-अलग दो स्थानों पर आयोजनों में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए। दोनों स्थानों पर धरना-प्रदर्शन के दौरान जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार पहुंचे और कार्यकर्ताओं, किसानों और समर्थकों का उत्साह बढ़ाया।

जिला शहर कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर उत्तर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेतन भानुशाली के नेतृत्व में कन्हारपुरी मोड़, दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मण साहू के नेतृत्व में हल्दी में प्रदर्शन किया गया। 11 बजे से 1 बजे तक धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने दमखम के साथ चक्काजाम किया। प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर पहले ही बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात किए गए थे।

प्रदर्शन के दौरान जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि सत्तालोलुप भाजपा किसान, मजदूर, गरीब का दर्द नहीं जानती। ग्रामीण मजदूरों से मनरेगा की रोजगार गारंटी और आजीविका छीनी जा रही है। किसानों को धान बेचने से रोका जा रहा है। महंगाई चरम पर है और मध्यम, गरीब-निम्न वर्गीय परिवारों का जीवन



यापन करना मुहाला हो गया है। ट्रिपल इंजन में विकास का वायदा करने वाली भाजपा की सरकार में सिर्फऔर सिर्फमहंगाई, शोषण और भ्रष्टाचार के तीन इंजन चल रहे हैं।

पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि अन्नदाताओं को जिस तरह प्रताड़ित किया जा रहा है उससे भाजपा ये समझ ले कि उनकी सत्ता को चंद दिन ही बचे हैं। परिवार चलाने वाली महिलाएं जानती हैं कि केंद्र और राज्य सरकार ने किस हद तक उन्हें गरीबी की ओर झोंकने का काम किया है। यह भाजपा की राजनीतिक अधोगति का आरंभ है।

इस प्रदर्शन के दौरान कमलजीत सिंह पिंटू, श्रीकिशन खंडेलवाल, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, अशोक फड़नवीस, राकेश जोशी, अशोक पंजवानी, विनय झा, प्रवीण मेश्राम, माया शर्मा, अमर झा, राजा तिवारी, मोहनी भारती,झम्मन देवांगन, गोपी रजक, आफ्ताब अहमद, मामराज अग्रवाल, सुरेंद्र देवांगन, दुलारी साहू, राजिक सोलंकी, सचिन तुराहटे, मोहन साहू, देवेश वैष्णव, अभिमन्यु मिश्रा, करीम मेमन, कादिर कुरैशी, वीरेंद्र चंद्राकर, पींकू खान, बंटी यादव, समीर द्विवेदी, राजा यादव,रूपेश साहू, अब्बास खान, केवल राम साहू, प्रमोद बागड़ी, मनीष अग्रवाल, गजेंद्र सिंह राजपूत, अभिषेक यादव, नरेश साहू, भागचंद साहू, पोषण साहू, महेश साहू, मनीष साहू, रीना पटेल, सीताराम श्रीवास, पुनीत भारती, रमेश साहू, अमित जंघेल, कय्यूम खान धीरेंद्र, उमेश गर्ग, प्रदीप राठौर, सविता ठाकुर, सुनीता सिन्हा, जयेश साहू, ललित मरकाम, लोकू यादव, लोकेश साहू, मोहित साहू, दुर्गेश साहू, भूपेंद्र निषाद, थानसिंग साहू, तेनसिंह साहू, दुष्यंत चंद्राकर, रामचंद्र यादव, हितेश साहू, जय जायसवाल, खुलेश चंद्राकर, भागवत साहू, राकेश चंद्राकर, अशोक साहू, धनेश राम, छन्नू , चोवारम साहू, दुष्यंत साहू, लछ्छू राम साहू, वीरेंद्र साहू, कौशल राम साहू, निशा गुप्ता, अशोक सेन, विष्णु सिन्हा, ओगेश्वर साहू, विकास कुमार चंद्राकर, इंद्र कुमार साहू, धीरेंद्र जांगड़े, नरेश साहू, सकुर चौहान, सीताराम श्रीवास, प्रकाश बाफ्ना, संदीप सोनू, गोलू नायक, मेहुल कुमार, निमेश देशलेहरे, प्रदीप राठौर, सोहन चंद्राकर, चंपालाल चंद्राकर, शिखा साहू, रूपलाल साहू, लालू साहू, नेमचंद साहू, लोकेश राय, प्रवीण चंद्राकर सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## परमेश्वरी महोत्सव एवं पारिवारिक मिलन समारोह

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर देवांगन समाज डोगरगांव में परमेश्वरी महोत्सव एवं पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन 25



जनवरी रविवार को किया गया। प्रात: 10 बजे से समाज के इष्ट देवी माता परमेश्वरी का पूजा अर्चना किया गया । इसके बाद समाज पूर्व पदाधिकारियों एवं समाज के सेवा निवृत्त कर्मचारियों का शाल श्रीफ्ल भेट कर सम्मानित किया गया। सत्र 2024-25 में उत्तीर्ण 10 वी.एवं 12 वी. के बच्चों को मेमेन्टो एवं श्री फ्ल भेजकर सम्मान किया गया।मा. शा. मारगांव एवं खुज्जी के बच्चों द्वारा रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे लोगों ने बहुत सराहना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंजू त्रिपाठी अध्यक्ष नगर पंचायत डोगरगांव, विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश गांधी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, गुलशन हिरवानी पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष, नगर पंचायत पार्षद द्वय कोमल साहू एवं लक्ष्मी नारायण सेन और समाज अध्यक्ष तीरथ राम देवांगन अध्यक्षता किया। नगर देवांगन समाज डोगरगांव के स्वजातीय बंधुओं महिला पुरुष बच्चे बढ़ चढ़ कर भाग लिए। समाज के महिला एवं बच्चों द्वारा कुर्सी दौड़, मटका फौड़ एवं महिलाओं का रस्साकशी का खेल का आयोजन किया सभी को सान्त्वना पुरस्कार दे कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के द्वारा समाज को 100 कुर्सी प्रदान करने की घोषणा किया है।

## सेवा निवृत्त प्रधानपाठक परदेशी राम साहू ने बच्चों को कराया न्योता भोज

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तुमड़ीलेवा में सेवा निवृत्त प्रधानपाठक परदेशी राम साहू ने बच्चों को न्योता भोज में खीर पुड़ी,, बड़ा, सलाद, जलेबी, केला व मिठाई खिलाया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानपाठक सावित्री सोनी, शिक्षक हेमलता वर्मा, प्राथमिक शाला प्रधानपाठक मोमन साहू, सेवा निवृत्त प्रधानपाठक बालाराम साहू, द्वारिका प्रसाद तिवारी, प्रदीप कुमार मार्जिवे, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पवन कुमार साहू, शिक्षाविद् महादेव टंडन, लक्ष्मण साहू, सुरेश पटेल,आशा साहू, प्रवीण लहरे, रामनारायण साहू,गोपाल पटेल , रामकुमारी साहू, सरस्वती साहू, दुर्गेश्वरी साहू, मानसी साहू एवं बच्चे उपस्थित थे।









## ग्रामीण वितरण केंद्र जंगलेशर में रजत जयंती समारोह संपन्न, 25 लाभार्थी सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्रामीण वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम जंगलेशर में आज दिनांक 30 जनवरी 2026 को रजत जयंती समारोह 2025-26 का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विद्युत विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर (जनपद अध्यक्ष, राजनांदगांव) रहीं, जबकि विशेष अतिथि के रूप में श्री रोहित चंद्राकर (भाजपा जिला उपाध्यक्ष) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती लता देवल साहू (सरपंच, ग्राम जंगलेशर) ने की। इस अवसर पर विद्युत विभाग ग्रामीण उपसंभाग से सहायक अभियंता श्री प्रकाश वर्मा, कनिष्ठ अभियंता सुश्री एकता साहू, श्री शिव कुमार सहित ग्रामीण वितरण केंद्र के समस्त लाइन स्टाफकी उपस्थिति रही।



कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न श्रेणियों से जुड़े लगभग 25 लाभार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान अतिथियों एवं विभागीय अधिकारियों ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। विशेष रूप से पीएम सूर्यघर योजना पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को इस योजना से जुड़ने, सौर ऊर्जा अपनाने एवं आर्थिक लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम की एक विशेष उपलब्धि के रूप में ग्रामीण उपसंभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री हलधर साहू को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। श्री साहू ने विद्युत विभाग में 36 वर्षों की दीर्घ एवं निष्ठावान सेवा प्रदान की और दिसंबर 2025 में सेवानिवृत्त हुए। अतिथियों ने उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक शुभकामनाएं दीं।

## मनरेगा बचाओ संग्राम, कांग्रेसियों ने चक्काजाम किया विरोध प्रदर्शन

**डोंगरगढ़/मोहारा ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान शहर व ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कांग्रेसियो के द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक चक्का जाम किया गया। शहर व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित कर नगर के हाई स्कूल चौक व मोहारा के बस स्टैंड चौक में बैठकर मनरेगा बचाओ संग्राम मे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के नाम बदलने एवं प्रदेश के किसानों की धान खरीदी हेतू निर्धारित तिथि को बढाए जाने की माँग को लेकर सांकेतिक चक्का जाम किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल लोकनाथ भारती पूर्व जिला कांग्रेस महामंत्री ब्लाक अध्यक्ष पंचराम चंदेल शिशुपाल भारती सयुंक्त जिला महामंत्री लालाराम वर्मा, पुष्पा वर्मा सरपंच मोहारा करुणा ठाकुर दयालदास साहू गोकुल वर्मा रंजीत भारती टमान भारती दयालु वर्मा गोकरण वर्मा संतोष वर्मा जगदीश सिन्हा तोता लहारे मदन खुटेल परसराम के आलावा शहर कांग्रेस कमेटी से



श्रीमती संध्या देशपांडे, श्रीमती नलिनी मेश्राम, श्रीमती ललिता साखरे, रितु निर्मलकर, बिंदा बाई, निशा निर्मलकर, ममता शिंदे, रेखा खोबरागड़े, सारिका, प्रदीप शर्मा, रिम्मी भाटिया, अनिल मेश्राम, जितेंद्र भाटिया, राम जी तराने, बबलू शांडिल, विष्णु लोधी, संदीप सिंह गेहरवाल, संजय यादव, जकतारण, पप्पू इंदुलकर, नरेश करसे, ऋषि शर्मा, गणेश प्रसाद, तरुण फुले, भाऊ दास मेश्राम, रितेश रामटेक, दशरत सिंह, डॉ. दिलीप नसिने, रजत देशपांडे, निर्मल जैन, दशरथ सोनी, संजू गुप्ता, रवि तिवारी, सूरज साहू, मनोज साहू, रवि बगमारे, के. विनायक राव, अक्षय चौरड़िया,मोहमद सिराज,बिंदेश सिंहा,जहीर खान, सूरज अम्बादे, प्रशांत कांडे, केशव तांडी,अमन उज्वने, एडविंन हैदर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## कूट रचना और आर्थिक अनियमितता का अपराध भी दर्ज कराए सांसद जी- रूपेश दुबे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने राजनांदगांव सांसद और छ ग भाजपा के मुख्य प्रवक्ता संतोष पांडे के डोंगरगांव अंबागढ़ चौकी मानपुर सड़क टेंडर में अमर बिल्डर के द्वारा गलत जानकारी एवं दस्तावेज प्रस्तुत कर निविदा प्राप्त करने की गंभीर आपराधिक साजिश के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग की मिली भगत से 20त्न बिलो के काम को 17त्न बिलो में करने की सांठ गांठ रूपी आर्थिक अनियमितता की शिकायत केंद्रीय मंत्री से किया जाना उजागर किया है वैसी स्थिति में अब जब सांसद जी के पास जानकारी तथ्यात्मक है तो गलत जानकारी और गलत दस्तावेज प्रस्तुत करने पर अमर बिल्डर के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज करने के



साथ-साथ अमर बिल्डर एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर आर्थिक अनियमितता का भी अपराध दर्ज कराने की कार्यवाही करनी चाहिए और निविदा निरस्त होनी चाहिए। दुबे ने आगे कहा कि क्योंकि यह पहली बार नहीं है की कोई सांसद छ ग की भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर किया है इसके पूर्व रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल जी ने शिक्षक भर्ती सहित जंबूरी में भ्रष्टाचार की बात,दुर्ग सांसद मोदी की गारंटी घोषणा पत्र के अध्यक्ष विजय बघेल जी ने मोदी की गारंटी छ ग में पूरी नहीं होने की बात सार्वजनिक की है तो ऐसी स्थिति में राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे जी को सीधे-सीधे शिकायत के साथ-साथ आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने की भी कार्यवाही करनी चाहिए यदि नहीं तो दस्तावेज कांग्रेस को उपलब्ध करा दे जनहित के इस मुद्दे पर कांग्रेस इस गंभीर भ्रष्टाचार के खिलाफ अपराध दर्ज कराने की कार्यवाही संस्थित करेगी क्योंकि अमर बिल्डर के द्वारा निम्न स्तर के कार्य के अनेकों बातें समय-समय पर उजागर होती रही है जिसका ज्वलंत उदाहरण पेंड्री से सी आई टी तक बनी बाईपास की घटिया स्तर का निर्माण है।

# बसंतपुर पुलिस की मानवीय पहल : 25 दिनों से भटकी वृद्ध महिला को सुरक्षित परिजनों से मिलाया

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा एक सराहनीय एवं मानवीय कार्य करते हुए 25ङ्क30 दिनों से भटक रही एक वृद्ध महिला को सुरक्षित खोजकर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 28 जनवरी 2026 को रात्रि लगभग 11 बजे पेट्रोलिंग के दौरान थाना बसंतपुर की पुलिस टीम को प्रभात नगर वार्ड निवासी एक सज्जन नागरिक से सूचना प्राप्त हुई कि लगभग 70 वर्ष की एक वृद्ध महिला लालबाग सिंधी कॉलोनी स्थित रॉयल किड्स स्कूल के पास सड़क किनारे अकेली अवस्था में पड़ी हुई है। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर पुलिस ने महिला को सुरक्षित पाया।पूछताछ में महिला ने अपना नाम शीतला यादव, पति कमीशन यादव, उम्र 74 वर्ष, निवासी ग्राम पथरिया, जिला मुंगेली बताया। महिला ने बताया कि वह विगत 25ङ्क30 दिनों से अपने घर



से भटकते हुए विभिन्न स्थानों पर घूमते हुए यहां तक पहुंची है। घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा को अवगत कराकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किए गए। इसके पश्चात स्थानीय वार्डवासियों एवं नगरवासियों के सहयोग से वृद्ध महिला की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से साझा की गई, जिससे महिला के परिजनों की पहचान संभव हो सकी। महिला के भतीजे सुखलाल यादव से मोबाइल पर संपर्क किया गया, जिन्होंने रात्रि होने के कारण तत्काल पहुंचने में असमर्थता जताई। इस दौरान पुलिस द्वारा वृद्ध महिला के लिए भोजन एवं आवास की समुचित व्यवस्था की गई तथा नगर निगम के आश्रय स्थल में सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया गया। संपूर्ण घटनाक्रम की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाती रही। दिनांक 29 जनवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में वृद्ध महिला शीतला यादव को उनके भतीजे सुखलाल यादव के सुपुर्द किया गया। अपनी बुआ को सकुशल पाकर परिजनों ने राजनांदगांव पुलिस एवं संस्कारधानी वासियों की मानवीय पहल की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक महोदया के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू (थाना प्रभारी, बसंतपुर), प्र.आर. दीपक जायसवाल, म.प्र.आर. मेनका साहू, आर. अतहर अली, जामिन्द्र वर्मा, राजेश बंदेश्वर एवं रूपेन्द्र वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com